
छ.ग. विद्युत कं. मर्या. की गृह पत्रिका

# संकल्प

मार्च–अप्रैल 2013, वर्ष–09, अंक–20



# छ.रा विद्युत कम्पनी मर्या.

## प्रदेश में विद्युत प्रगति का पटल

| | नवम्बर 2000 | मार्च 2013 |
|---|---|---|
| ताप विद्युत क्षमता | 1240 मेगावॉट | 1786 मेगावॉट |
| जल विद्युत क्षमता | 120 मेगावॉट | 138.70 मेगावॉट |
| कुल ताप, जल विद्युत क्षमता | 1360 मेगावॉट | 1924.76मेगावॉट |
| क्षमता वृद्धि | .... | 564.70 मेगावॉट |
| अति उच्चदाब केन्द्रों की संख्या | 27नग | 78 नग |
| अति उच्चदाब लाइनों की लंबाई | 5205 सर्किट कि.मी. | 9550 सर्किट कि.मी. |
| 33/11 के.व्ही.उपकेन्द्रों की संख्या | 248 नग | 815 नग |
| 33 के.व्ही.लाइनों की लंबाई | 6988 सर्किट कि.मी. | 16326 सर्किट कि.मी. |
| 11/0.4के.व्ही. उपकेन्द्रों की संख्या | 29692 नग | 84047 नग |
| 11 के.व्ही. लाईनों की लम्बाई | 40556 कि.मी. | 75168 कि.मी |
| निम्न दाब लाइनों की लंबाई | 51314 कि.मी. | 133881 कि.मी. |
| केपेसिटर स्थापित | 94 एमव्हीआर | 935 एमव्हीआर |
| विद्युतीकृत ग्रामों की संख्या | 17910 | 19224 |
| विद्युतीकरण का प्रतिशत | 91.00 | 97.37 |
| विद्युतीकृत मजराटोलों की संख्या | 10375 | 24729 |
| विद्युतीकृत पम्पों की संख्या | 72400 | 313047 |
| एकलबत्ती कनेक्शन | 630389 | 1641108 |

# संकल्प

छ.रा.विद्युत कम्पनी मर्या. की गृह पत्रिका

मार्च-अप्रैल 2013, वर्ष-09, अंक-19



## संरक्षक

श्री शिवराज सिंह : अध्यक्ष

श्री सुबोध सिंह : प्रबंध संचालक (वितरण कं. मर्या.)

श्री जनार्दन कर : प्रबंध संचालक (उत्पादक कं. मर्या.)

श्री एस. पी. शर्मा : प्रबंध संचालक (ट्रेडिंग-होल्डिंग कं. मर्या.)

श्री विजय सिंह : प्रबंध संचालक (पारेषण कं. मर्या.)

## सलाहकार सम्पादक

श्री प्रकाश एम.जोग : महाप्रबंधक

## सम्पादक

श्री विजय कुमार मिश्रा : उपमहाप्रबंधक (जनसम्पर्क)

## सहयोग

श्री जाबीर मोहम्मद कुरेशी

## छायाकार

श्री संजय टेम्बे



## पता

सम्पादक : संकल्प

उपमहाप्रबंधक (जनसम्पर्क)

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत होल्डिंग कं. मर्या.

डंगनिया रायपुर (छ.ग.)

E-mail : vijay.mishra361@gmail.com



## मुद्रक

इंडियन सहकारी प्रिंटिंग प्रेस मर्यादित, आर्य नगर, दुर्ग (छ.ग.)

www.indianpressltd.com

Ph.:0788-4016131 Email : Indianpressltd@gmail.com


## विषय सूची


सम्पादकीय ..... 02
कोरबा में 500 मेगावाट विद्युत परियोजना ..... 03
रायता में निर्माणाधीन 400 के.व्ही. उपकेन्द्र के दो फीडर ..... 04
श्री महेश श्रीवास को छत्तीसगढ़ रत्न सम्मान ..... 04
छत्तीसगढ़ पॉवर कंपनी की सबसे बड़ी ..... 05
मान. मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने दी ..... 06
गणतंत्र दिवस पर केन्द्रीय कार्यालय से पुरस्कृत ..... 06
विद्युत कर्मियों का हुआ व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा ..... 07
बिजली उपभोक्ताओं हेतु सुविधा योजना ..... 08
कमल विहार योजना के राज्य स्तरीय नारा प्रतियोगिता ..... 08
पॉवर कंपनी में हदृय रोग जॉच शिविर संपन्न ..... 09
कंजूसी से धन संचय है व्यर्थ ..... 09
अंतरक्षेत्रीय विद्युत क्रिकेट प्रतियोगिता में रायपुर रीजन बना ..... 10
अंतरक्षेत्रीय व्हॉलीबाल प्रतियोगिता ..... 11
पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी से सेवानिवृत्त हुये ..... 11
बिलासपुर क्षेत्र में टेबल टेनिस प्रतियोगिता ..... 12
अन्तर्क्षेत्रीय ब्रिज टूर्नामेंट में कोरबा विजेता-रायपुर ..... 13
कोरबा ताप विद्युत गृह में राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह ..... 14
आदर्शिनी महिला मंडल द्वारा स्मारिका ..... 15
आदर्शिनी महिला मंडल का होली मिलन ..... 15
विद्युत कंपनी हॉकी ट्राफी पर कोरबा ..... 16
राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान ..... 17
नेत्रदान के लिये आदर्शिनी महिला मंडल ..... 17
अखिल भारतीय विद्युत कबड्डी प्रतियोगिता ..... 18
हसदेव ताप विद्युत गृह में संरक्षा सप्ताह ..... 19
वरिष्ठ लेखाधिकारी कार्यालय बिलासपुर ..... 20
हमारे गौरव ..... 20
परिचयावली...कार्यपालक निदेशक. ..... 21
कोरबा पूर्व से सेवानिवृत्त अधिकारी ..... 21
राज्यस्तरीय कविता प्रतियोगिता में ..... 22
नया रायपुर,मेरा रायपुर ..... 22
बिहनिया के बेरा ..... 22
अंतर्क्षेत्रीय टेबल टेनिस टूर्नामेंट में रायपुर ..... 23
चिट्ठी आई है ..... 23
कुर्यात् सदा मंगलम् ..... 24



संकल्प में प्रकाशित लेख में व्यक्त विचार लेखकों के है,
सम्पादक मण्डल उससे सहमत हो, यह जरुरी नहीं है,
किसी प्रकार के विवाद के लिए न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र रायपुर होगा



*संपादकीय ........*

# विकास की नई गाथा



अबीर गुलाल मौज मस्ती का महीना है फागुन। जीवन में रंग संग रिश्ते की महत्ता को उजागर करता रंगो का उत्सव होली फागुन माह की शान में चार चांद लगा देता है। यह पर्व रंग गुलाल के उल्लास से जनजन के तनमन को ओत प्रोत करने को आतुर करता है। ऐसे फागुन माह में इस बार पॉवर कंपनी परिवार को यह सुनहरा अवसर होली के पूर्व ही अर्थात 18 मार्च को ही प्राप्त हो गया। इस ऐतिहासिक दिवस की भोर की किरणे प्रस्फुटित होते-होते पॉवर कपंनी की नवनिर्मित कोरबा पश्चिम विस्तार परियोजना के अंतर्गत 500 मेगावाट क्षमता की ईकाई के सिक्रोनाइज होने की साक्षी बन गई। प्रातः 5 बजकर 9 मिनट पर विद्युत संयंत्र ने जब धड़कना आरंभ किया तो इस अभूतपूर्व की खुशी के क्षण में कंपनी के अधिकारियों-कर्मचारियों का दिल भी सफलता के इंद्रधनुषी रंगो से लबालब भर उठा।

पॉवर कंपनी के विद्युत पटल पर पहली बार 500 मेगावाट की इकाई दर्ज हुई। अब तक अधिकतम 250 मेगावाट की इकाई ही संचालित की जा रही है। ऐसी दोहरी उपलब्धि के उल्लास में डूबे पॉवर कपंनी परिवार को राजधानी रायपुर के निकट रायता ग्राम में निर्माणाधीन 400/220 केव्ही. उपकेन्द्र के दो फीडर (बे) को ऊर्जीकृत करने की जानकारी अपरान्ह में इसी तिथि पर मिली। फागुन माह में प्रकृति नये कोपलो के संग नवसृजन का संदेह देती है। यह मणिकांचन संयोग रहा कि प्रकृति के नवसृजन की बेला में पॉवर कंपनी के उन्नत भाल पर दो-दो अद्वितीय मिसाल अंकित हुई।

फागुन की मस्ती और होली के रंग गुलाल के बाद प्रकृति में एक क्षत्र राज्य होता है "चैत्र" का। चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा को विक्रम संवत से नए साल की शुरूआत होती है। चैत्र मास में गणगौर बैशाखी, गुड़ी पड़वा, नवरात्रि, चैत्रीछठ और रामनवमी जैसे पर्व प्रसन्नता का पिटारा लिए अनेक संदेश देते है। पर्वो के उल्लास में विचरते विधुत कर्मियों के हौसला को परिभाषित करती संदेश देती है ये पंक्तियॉं- हवाएं जोर कितना ही लगाए आंधिया बनकर, मगर जो घिर के आता है वो बादल छा ही जाता है।

विकास की नई गाथा गढ़ते आज के ग्लोबल वार्मिंग के दौर में पर्व त्यौहार के नाम चली आ रही कुछ कुप्रथाओ-परम्पराओं परिमार्जित करते हुये हजारो टन ग्रीन हाउस गैसों का जहर होली में लकड़ी जलाकर पर्यावरण में ना घोले। होली को प्रतीक बना ले नकारात्मक भावो विचारों को जलाने का और सकारात्मक विचारो को पनपने का। आग से उन्नत उष्मा और उष्मा से उन्नत विद्युत ऊर्जा के जनक विद्युत कर्मी पर्वो पर लकड़ी नहीं नकारात्मक विचारो को जलाने का संदेश दे।

**हरे वृक्ष कटने न दें जल स्तर घटने ना दे।**

*विजय मिश्रा*

# कोरबा में 500 मेगावाट विद्युत परियोजना पूर्ण
## नवनिर्मित संयंत्र से परीक्षण उत्पादन सफलतापूर्वक सम्पन्न



छत्तीसगढ़ राज्य तेजी से देश का पॉवर हब स्टेट बनने की ओर अग्रसर है। इसका जीवंत उदाहरण प्रदेश की विद्युत नगरी कोरबा में नवनिर्मित 500 मेगावाट क्षमता की इकाई से 18 मार्च को सफलतापूर्वक परीक्षण उत्पादन करना है। यह जानकारी विधानसभा में माननीय मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने दी। उन्होंने बताया परीक्षण उत्पादन की गतिविधि किसी भी विद्युत संयंत्र के लिए मिल का पत्थर होता है। इससे वह इकाई विद्युत प्रणाली से जुड़ जाती है और स्थापना के सभी कार्यो के सफल संचालन की पुष्टि भी हो जाती है।


इस ऐतिहासिक उपलब्धि को प्रदेश के लिए गौरव निरूपित करते हुए मुख्यमंत्री जी ने राज्य शासन के ऊर्जा विभाग और पॉवर कंपनियों के सभी अधिकारियों–कर्मचारियों और श्रमिक जगत को बधाई दी। साथ ही उन्होंने आशा व्यक्त की कि चांपा–जांजगीर के मड़वा में निर्माणाधीन विद्युत परियोजना को भी सामूहिक सहयोग और सतत् परिश्रम के बल पर पॉवर कंपनी के कर्मी जल्द से जल्द कियाशील करने में कामयाब होंगे।

आगे मुख्यमंत्री जी ने बताया कि राज्य गठन के समय छत्तीसगढ़ में पॉवर कंपनी की केवल 50 मेगावाट, 120 मेगावाट और 210 मेगावाट क्षमता की ही इकाईयों संचालित हो रही थी। आगे डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत परियोजना के अंतर्गत 250 मेगावाट क्षमता की पहली इकाई हमारे द्वारा आरंभ की गयी। इस दिशा में आगे बढ़ते हुए प्रदेश में पहली बार छत्तीसगढ़ शासन का उपकम पॉवर जनरेशन कंपनी द्वारा 500 मेगावाट क्षमता की इकाई की स्थापना की गयी है। इस इकाई को शीघ्र ही फूल लोड पर संचालित किया जाएगा। गर्मी के मौसम में लगातार बढ़ती हुई बिजली की मांग को पूरा करने में यह इकाई सहायक होगी।

सदन में माननीय मुख्यमंत्री जी ने ऊर्जा विभाग की आगामी वित्तीय वर्ष 2013–14 की कार्य योजना के बारे में बताया कि पूरे प्रदेश में विद्युत अधोसंरचना के विकास और विस्तार के लिए तेजी से कार्य हो रहे है। रायपुर में 400 केव्ही. क्षमता के अति.उच्च दाब विद्युत केन्द्र का निर्माण किया जाएगा। इसी तरह सरायपाली, विश्रामपुर, कोरबा और मुंगेली में 220 केव्ही. क्षमता के विद्युत उपकेन्द्र और एक दर्जन स्थानों पर– सरोना, सांकरा, गंडई, प्रतापपुर कोण्डागांव, दुर्ग, गरियाबंद, पथरिया, कसडोल, रतनपुर, कोनी और जैजैपुर में 132 केव्ही. क्षमता के विद्युत उपकेन्द्र स्थापित किए जाएंगे। कोरबा से खेदामारा तक 225 किलोमीटर लम्बी 400 केव्ही. क्षमता की डबल सर्किट लाइन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है और मड़वा से कोरबा तथा मड़वा से रायपुर और रायपुर से भिलाई तक 400 केव्ही. डबल सर्किट पारेषण लाइन की स्थापना का कार्य अंतिम चरण में है। विद्युत विकास की दिशा में सतत् अग्रसर छत्तीसगढ़ राज्य में विद्युत की दर को सस्ती बताते हुए मुख्यमंत्री जी ने कहा कि बिजली की दरों का बढ़ना देश में कोयले और डीजल की मूल्यवृद्धि, परिवहन लागत और मुद्रा स्फीति जैसे कारणों पर भी निर्भर होती है। इसके बावजूद राज्य सरकार के कुशल प्रबंधन के फलस्वरूप छत्तीसगढ़ में बिजली देश के विभिन्न राज्यों की तुलना में आज भी सस्ती है।

# रायता में निर्माणाधीन 400 के.व्ही. उपकेन्द्र के दो फीडर ऊर्जीकृत
## 30 वर्षों के बाद छत्तीसगढ़ में दर्ज हुई पारेषण क्षेत्र की बड़ी उपलब्धि

राजधानी रायपुर के निकट रायता ग्राम में निर्माणाधीन 400/220 के.व्ही. उपकेन्द्र के दो फीडर (बे) को 18 मार्च 2013 को ऊर्जीकृत किया गया। छत्तीसगढ़ अंचल में वर्ष 1983 के बाद इतनी बड़ी उपलब्धि पारेषण के क्षेत्र में प्रथम बार दर्ज हुई है। छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी द्वारा 125 करोड़ रूपये की लागत से 400 के.व्ही.क्षमता के विशाल उपकेन्द्र का निर्माण कार्य पूर्णता की ओर है। पारेषण कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री विजय सिंह ने प्रदेश के विद्युत मानचित्र पर दर्ज इस सफलता के बारे में जानकारी दी कि निर्माणाधीन उपकेन्द्र की क्षमता 630 एमव्हीए है। इस उपकेन्द्र से 6 पारेषण लाईनें सम्बद्ध है।




आगे श्री सिंह ने बताया कि यह प्रदेश का प्रथम उपकेन्द्र हैं, जो पूरी तरह आटोमेटिक सिस्टम से संचालित होगा। इस उपकेन्द्र के माध्यम से जांजगीर–चांपा के निकट निर्मित हो रहे 1000 मेगावॉट क्षमता के मड़वा ताप विद्युत गृह से उत्पादित बिजली की निकासी की जायेगी। न्यूनतम श्रमशक्ति के सिद्धांत पर आधारित इस उपकेन्द्र में कम्प्यूटर के मॉनीटर पर रिमोट से संचालन किया जायेगा।

छत्तीसगढ़ राज्य निर्माणोपरांत पारेषण प्रणाली को उन्नत एवं विस्तारित करने की आवश्यकता को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ पूरा किया जा रहा है। इस दिशा में इस विशाल उपकेन्द्र के निर्माण का कार्य मेसर्स काम्प्टन ग्रिज के द्वारा पारेषण कंपनी के लिये टर्न की के आधार पर किया जा रहा है।

# श्री महेश श्रीवास को छत्तीसगढ़ रत्न सम्मान

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी बिलासपुर के लेखा इकाई में कार्यरत श्री महेश श्रीवास को "छत्तीसगढ़ रत्न सम्मान" से सम्मानित किया गया। उद्योग संघ द्वारा आयोजित राष्ट्रीय उद्योग मेला में उपरोक्त सम्मान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय श्री अमर अग्रवाल जी स्वास्थ्य मंत्री एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. सोमनाथ यादव अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग आयोग थे।

अमेरिकन बायोग्राफिकल इंस्टीट्यूट यू.एस.ए. से अंतर्राष्ट्रीय सम्मान "मैन आफ दी ईयर 2003" से सम्मानित श्री महेश श्रीवास ने जहां अखिल भारतीय स्तर पर काव्यपाठ किया है। वहीं अखिल भारतीय नाट्य स्पर्धा शिमला, कटक, इलाहाबाद, गोरखपुर, भिलाई सहित अनेक स्थापित मंचों में नाट्य मंचन किया है।

प्रतिष्ठित बिलासा महोत्सव एवं छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मण्डल के राज्य स्तरीय कार्यक्रमों में महामहिम राज्यपाल विधान सभा अध्यक्ष एवं माननीय मुख्यमंत्री के शताधिक कार्यक्रमों सहित लगभर 1000 से




अधिक साहित्यिक सांस्कृतिक एवं खेल गतिविधियों के विविध मंचों का कुशलता पूर्वक "संचालन" कर संचालन के क्षेत्र में श्री महेश श्रीवास ने विशेष छाप छोड़ी है।

# छत्तीसगढ़ पॉवर कंपनी की सबसे बड़ी विद्युत इकाई कोयले से सिंक्रोनाइज्ड

विद्युत उत्पादन की दिशा में तेजी से कदम बढ़ाते हुये छत्तीसगढ़ राज्य की धरा पर की एक अभूतपूर्व उपलब्धि दर्ज हुई है. 18 मार्च को प्रातः 5 बजकर 9 मिनट पर प्रदेश की ऊर्जाधानी कोरबा में नवनिर्मित कोरबा पश्चिम विस्तार परियोजना की 500 मेगावॉट क्षमता की इकाई को सफलतापूर्वक सिकोनाइज्ड किया गया। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी की सर्वाधिक क्षमता वाली यह पहली इकाई बन गई है, जो कि समूचे प्रदेश के लिये अत्यन्त गौरव का विषय है। इस उपलब्धि के लिये माननीय मुख्यमंत्री डॉ0 रमन सिंह ने पॉवर कंपनी के अधिकारियों/कर्मचारियों को बधाई दी।




पॉवर जनरेशन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री जनार्दन कर ने बताया कि इस नवनिर्मित इकाई को पूरी तरह से कोयले के ताप से सिंकोनाइज्ड किया गया है। इस दृष्टि से भी छत्तीसगढ़ के इतिहास में पहली बार एक नई मिसाल प्रदर्शित की गई है। अब तक पॉवर कंपनी के किसी भी नवनिर्मित विद्युत इकाई का सिंकोनाइजेशन कोयले मात्र से नहीं हुआ था, बल्कि इस हेतु अन्य ईधन का उपयोग किया गया था। नई इकाई के सफलतापूर्वक सिंकोनाइजेशन हो जाने से यथाशीघ्र वाणिज्यक विद्युत उत्पादन होने लगेगा। प्रारंभिक परीक्षण के उपरांत पॉवर जनरेशन कंपनी के अधिकारीगण जल्द से जल्द इस इकाई को फुललोड पर संचालित करने के लिए तत्परता से जुटे हुये हैं।

इस नवनिर्मित कोरबा पश्चिम विस्तार परियोजना के बॉयलर, टरबाईन, जनरेटर (बी.टी.जी.) से संबंधित कार्य भारत हैवी इलेक्ट्रिकल लिमिटेड तथा शेष अन्य कार्य जैसे कोल संयंत्र, एस.संयंत्र, कूलिंग टॉवर, स्वीच यार्ड आदि सहायक संयंत्र के कार्य मेसर्स टेक्प्रो चेन्नई द्वारा किया गया है।

कोरबा पश्चिम विस्तार परियोजना एवं मड़वा तेदूभाठा परियोजना में भी निर्मित हो रही 500–500 मेगावॉट की तीन इकाईयों की कियाशीलता उपरांत जनरेशन कंपनी की वर्तमान विद्युत स्थापित क्षमता 1924.70 से बढ़कर 3424.70 मेगावॉट हो जायेगी। इससे आने वाले अनेक वर्षों तक छत्तीसगढ़ विद्युत के मामलें में आत्मनिर्भर बना रहेगा।

# मान. मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने दी राष्ट्रीय बाल पुरस्कार प्राप्त छात्र हर्ष बांधे को शाबासी



शिक्षा के क्षेत्र में असाधारण योग्यता के लिए भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा प्रदत्त स्वर्ण पदक प्राप्त मास्टर हर्ष बांधे को मान.मुख्यमंत्री डॉ0 रमन सिंह ने शाबासी दी। हर्ष बांधे छत्तीसगढ़ के इकलौते एवं पहले ऐसे प्रतिभाशाली छात्र है जिन्हे स्वर्ण पदक से अलंकृत होने का गौरव मिला है। इन्हें गोल्ड मैडल के साथ ही 20,000 रूपये नगद, प्रशस्ति पत्र एवं प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ। इस उपलब्धि के लिये मुख्यमंत्री डॉ0 सिंह ने प्रतिभावान छात्र हर्ष सहित छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर होल्डिंग कंपनी के डिप्टी जनरल मैनेजर के पद पर कार्यरत उनके पिता श्री एस.आर.बांधे एवं छग. शासन के आदिवासी विकास विभाग में व्याख्याता के पद पर कार्यरत उनकी माता श्रीमती अंजली बांधे को बधाई एवं शुभकामनायें दी। बांधे परिवार ने मुख्यमंत्री निवास में सौजन्य भेंट कर उन्हें विस्तारपूर्वक हर्ष की उपलब्धियों की जानकारी दी।

भारत सरकार ने शिक्षा संस्कृति कला खेलकूद तथा संगीत आदि के क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल करने वाले चार वर्ष से पंद्रह वर्ष आयु के बच्चों को पुरस्कृत करने के लिए वर्ष 1996 से राष्ट्रीय बाल पुरस्कार देने की शुरूआत की है। विगत 17 वर्षों से जारी इस पुरस्कार के अन्तर्गत हर्ष को स्वर्ण पदक प्राप्त हुआ। दुर्ग स्थित डीपीएस. स्कूल में 8वीं कक्षा में अध्ययनरत चि. हर्ष को नेशनल साइबर ओलंपियाड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए भी स्वर्ण पदक प्राप्त हुआ था। शतरंज, फुटबाल के शौकीन हर्ष का चयन ड्यूक यूनिवर्सिटी टैलेंट आइडेंटिफिकेशन प्रोग्राम इंडिया के लिए भी हुआ है। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में कम उम्र में ही अनगिनत पुरस्कार प्राप्त मास्टर हर्ष मैसुर में आयोजित फोरेंसिक साइंस सेमीनार में भी चयनित हुये और अपनी प्रतिभा से छत्तीसगढ़ को गौरवान्वित किया।

# गणतंत्र दिवस पर केन्द्रीय कार्यालय से पुरस्कृत कर्मी

छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी मुख्यालय में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह 2013 में केन्द्रीय कार्यालय स्तर पर पारेषण,वितरण, उत्पादन एवं अन्य संकाय के उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मियों को सम्मानित किया गया। श्री सुभाष घोडेसवार को उच्चदाब लाईन के ब्रेकडाउन को न्यूनतम समय में पूरा करने, श्री एम.के. हाशमी को विभिन्न कार्यालयों के कार्य योजना प्रस्ताव बनाने, श्री आर.पी.शर्मा को परियोजना विद्युत गृह से संबंधित निर्माण कार्य, श्री एम.पी.पाण्डे को निविदाओं के टेक्निकल स्पेशीफिकेशन को कम्प्यूटरीकृत करने, श्री प्रसन्न कुमार दुबे को कंपनी की उपलब्धियों के प्रचार–प्रसार करने, श्री अमिताभ मिश्रा को बकाया राशि वसूली हेतु तथा श्री राकेश शुक्ला को केन्द्रीय पूल से प्राप्त होने वाले लेखा–जोखा की जॉच करने हेतु वितरण कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री सुबोध सिंह द्वारा प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर पुरस्कृत किया गया।

# विद्युत कर्मियों का हुआ व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा

## बीमा कंपनी को रू. 1,08,27,010/- का चेक प्रदान

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मण्डल की उत्तरवर्ती पॉचो विद्युत कम्पनियों में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों का व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा किया गया। इसके अन्तर्गत विद्युत कर्मियों की नियोजन के दौरान कार्य अवधि में दुर्घटनावश मृत्यु होने पर रूपये 8 लाख की राशि एवं नियोजन के दौरान अन्य अवधि में दुर्घटनावश मृत्यु होने पर जोखिम राशि रूपये 5 लाख प्रदान की जायेगी। प्रति व्यक्ति के लिये सामूहिक/व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा एक वर्ष की अवधि के लिये किया गया है। यह अवधि 11 अप्रेल 2013 की रात्रि 12.00 बजे से प्रारम्भ होकर 10 अप्रेल 2014 की मध्य रात्रि तक प्रभावशील रहेगी। इस हेतु पॉवर होल्डिंग कंपनी के महाप्रबंधक श्री पी.एम. जोग द्वारा बीमा राशि का चेक बीमा कंपनी के टेरीटरी मैनेजर श्री अभिषेक त्रिपाठी को सौंपा गया।

छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कम्पनी अपनी स्थापनाकाल से ही कर्मचारी हितैषी नीतियों का पालन करते आया है। इसी परिप्रेक्ष्य में कंपनी द्वारा समूह व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा योजना किया गया है। कंपनी मुख्यालय में कुल बीमा प्रीमियम राशि रूपये 1,08,27,010/– का धनादेश आई.सी.आई.सी. आई लोम्बार्ड जी.आई.सी. लिमिटेड रायपुर को प्रदान किया। इस अवसर पर होल्डिंग कंपनी के महाप्रबंधक (वित्त) श्री आलोक सिंह, उपमहाप्रबंधक सर्वश्री डी.डी. पात्रीकर, एस.आर.बांधे, विजय मिश्रा, जी.खण्डेलवाल, कल्याण अधिकारी श्री अतुल तिवारी तथा बीमा कंपनी के रिलेशनशीप मैनेजर श्री रोहित हरजाई उपस्थित थे।

इस बीमा योजना का लाभ छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर होल्डिंग, उत्पादन,पारेषण,वितरण, ट्रेडिंग सहित पॉचों पॉवर कम्पनी में कार्यरत नियमित कर्मचारियों एवं विद्युत कम्पनी के अध्यक्ष, सभी प्रबंध संचालक/निदेशक के अलावा समस्त कार्यभारित/संविदा/दैनिक वेतनभोगी



अधिकारियों/कर्मचारियों को मिलेगा। बीमा कम्पनी पूर्ण दावा पत्रक प्राप्त होने की तिथि से 30 दिनों के मध्य अनिवार्य रूप से जोखिम राशि का भुगतान छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत होल्डिंग कंपनी मर्यादित रायपुर को करेगी। किसी भी तरह का पत्राचार बीमा कम्पनी के टेरीटरी मैनेजर, आई.सी.आई.सी.आई. लोम्बार्ड जी.आई.सी.लिमिटेड, भूतल, वाणिज्य भवन, देवेन्द्र नगर रोड, रायपुर (छ.ग.) पिन नं. 492001, दूरभाष क्रमांक 0771–3057504 एवं फैक्स नं. 4282477 से किया जायेगा।

## जरा हंस लें -



एक शराबी मृत्यु शैय्या पर था
तभी उसके सामने भगवान प्रकट हुए।
भगवान बोलेः तुम्हारी कोई अंतिम इच्छा हो तो बताओ ?
शराबी बोला : प्रभु अगले जन्म में दांत चाहे एक ही देना, पर लीवर पूरे 32 देना।

# बिजली उपभोक्ताओं हेतु सुविधा योजना आरंभ

छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर वितरण कंपनी द्वारा उपभोक्ताओं के हित में अनेक योजनाए आरंभ की गयी है। प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं की सेवा एवं सुविधा में वृद्धि करने संबंधी आहूत समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री डॉ0 रमन सिंह द्वारा दिये निर्देशानुसार एक नई योजना "सुविधा योजना" का आरंभ 15 मार्च से किया गया है। इस योजना से प्रदेश के किसान एवं गरीब परिवार सहित अन्य एल.टी. कनेक्शनधारी लाभान्वित होंगे। इसके अंतर्गत प्रदेश के ऐसे निम्नदाब उपभोक्ता जिनका विद्युत कनेक्शन छः माह पूर्व से विच्छेदित है की सम्पूर्ण अधिभार राशि माफ करने की योजना है। इस हेतु लंबित बकाया राशि में से मूल राशि का भुगतान उपभोक्ताओं को करना होगा, तभी पॉवर कंपनी द्वारा लंबित अधिभार (सरचार्ज) की पूरी राशि माफ की जाएगी। सुविधा योजना आगामी छः माह तक प्रदेश में लागू रहेगी।

कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री सुबोध सिंह ने योजना के उद्देश्य के संबंध में कहा कि इससे बकाया वसूली, राजस्व में वृद्धि, उपभोक्ता सेवा में सुधार एवं प्रदेश की विद्युत अधोसंरचना का विस्तार होगा साथ ही पॉवर कंपनी में आर्थिक सुदृढ़ता आयेगी। उपभोक्ताओं की अनुपस्थिति में उनके वारिस/अधिकृत प्रतिनिधि भी इस योजना के अन्तर्गत सरचार्ज माफी का लाभ ले सकेंगे।

एमडी श्री सुबोध सिंह ने कहा कि अस्थाई/स्थाई रूप से विच्छेदित निम्नदाब कनेक्शनधारियों को सुविधा योजना लागू होने से लगातार बढ़ते सरचार्ज से राहत मिलेगी। यह योजना ऐसे निम्नदाब उपभोक्ताओं पर भी लागू होगी जिनके लिए बकाया राशि वसूली अधिनियम के तहत फार्म –बी एवं फार्म–सी जारी हो चुके है तथा वे प्रकरण जो माननीय न्यायालय/आयोग में लंबित है। ऐसे उपभोक्ता अभियोग वापसी हेतु अधिकृत नोटरी से सत्यापित शपथ पत्र (घोषणा पत्र) प्रस्तुत कर इस योजना का लाभ ले सकते हैं।

सुविधा योजना का लाभ लेने हेतु पात्र उपभोक्ता अपने संबंधित वितरण केन्द्र/जोन/सहायक अभियंता/संभागीय कार्यालय को आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। ऐसे प्रकरणों की लंबित अधिभार राशि माफ करने के संबंध में संभागीय कार्यपालन अभियंताओं को अधिकृत किया गया है।

# कमल विहार योजना के राज्य स्तरीय नारा प्रतियोगिता में श्री कुरैशी एवं श्री टेम्बे पुरस्कृत



छत्तीसगढ़ शासन का निगमित निकाय रायपुर विकास प्राधिकरण (आर.डी.ए) द्वारा कियान्वित की जा रही देश की सबसे बड़ी नगर विकास योजनाओं में से एक कमल विहार के लिए आयोजित नारा प्रतियोगिता में श्री जे.एम. कुरैशी एवं श्री संजय टेम्बे को पुरस्कृत होने का गौरव प्राप्त हुआ। दोनो विजयी प्रतियोगी छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर होल्डिंग कंपनी के जनसम्पर्क विभाग में सेवारत है। 22 अप्रेल को आर.डी.ए. बिल्डिंग में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री सुनील कुमार सोनी ने विजयी प्रतियोगियों को दो–दो हजार रूपये पारितोषिक सहित प्रमाण पत्र प्रदान किया। जनसम्पर्क विभाग में पदस्थ वरिष्ठ शीघ्रलेखक श्री कुरैशी द्वारा रचित–पुरस्कृत नारा –"अधूरे भूखण्डों का होगा उद्धार, कमल विहार योजना से मिलेगा नया घर संसार एवं छायाकार श्री टेम्बे द्वारा रचित–पुरस्कृत नारा –"भूस्वामियों को मिले




बिजली पानी और बयार, कमल विहार योजना का है ये आधार" था।

# पॉवर कंपनी में हदृय रोग जॉच शिविर संपन्न



छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कम्पनीज के कर्मियों हेतु हदृय रोग जॉच शिविर का आयोजन डंगनिया स्थित आफिसर्स क्लब में 22 मार्च 13 को किया गया। शिविर के उदघाटन समारोह में मुख्य अतिथि पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री विजय सिंह तथा विशिष्टि अतिथि महाप्रबंधक (मानव संसाधन) श्री पी.एम. जोग एवं सुप्रसिद्वकार्डियोलॉजिस्ट डॉ शैलेश शर्मा मंचासिन थे। शिविर में 50 से अधिक विद्युत कर्मियों एवं उनके परिवारजनों ने हृदय रोग, मधुमेह एवं ब्लड प्रेशर जांच कराये।

इस अवसर पर प्रबंध निदेशक श्री सिंह ने जीवन में नियमित दिनचर्या, खानपान एवं व्यायाम की महत्ता को व्यक्त किया। उन्होंने कहा व्यस्तम भागमभाग दिनचर्या के कारण मानसिक तनाव एवं हदृय रोग में दिनोदिन इजाफा हो रहा है। इस दृष्टि से ऐसे शिविरों का आयोजन अत्यंत लाभदायी है। इसी कम में महाप्रबंधक श्री जोग ने कहा कि जिस तरह पॉवर कंपनी अपनी प्रणालियों का रख–रखाव समय पर करती है उसी तरह अपने कर्मियों के स्वास्थ के प्रति भी कंपनी सचेत है। शिविर में पॉवर कंपनी के मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ एच.एल. पंचारी, डॉ. श्रीमती पिल्लेई, डॉ. अदिति चन्द्राकर ने अतिथियों का स्वागत किया एवं रामकृष्णा केयर हास्पिटल के हदृय रोग विशेषज्ञ डॉ0 शैलेश शर्मा एवं उनकी टीम में शामिल चिकित्सा कर्मियों को स्मृति चिन्ह भेट कर अभिनंदन किया। शिविर में श्री योगेश श्रीवास्तव (नोवाआर्टिस) एवं अविनेश चन्द्राकर (बायोकॉन) ने मधुमेह, एचबीएवनसी. आदि की निशुल्क जांच कर विद्युत कर्मियों को महत्वपूर्ण सेवाये दी। कार्यकम के अंत में अति. मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. श्रीमती ऊषा पिल्लई ने आभार प्रदर्शन किया एवं कार्यकम का संचालन श्री शेख ने किया। कार्यकम में अति. महाप्रबंधक श्री ओ.पी. खण्डेलवाल तथा पूर्व सीएमओ. डॉ. एनआरजी. पिल्लेई सहित बड़ी संख्या में अधिकारी–कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# कंजूसी से धन संचय है व्यर्थ

एक कंजूस अमीर ने जीवन भर कंजूसी करके पांच लाख स्वर्ण मुद्राएं इकट्ठा कर ली। इस जोड़े हुए धन की बदौलत वह बाकी सारी जिंदगी बिना कोई काम किए चैन से जीने का सपना देखने लग गया। एक दिन यमदूत ने उसके दरवाजे पर दस्तक दे दी। उसने यमदूत से कुछ समय देने की प्रार्थना की परंतु यमदूत टस से मस नहीं हुआ। वह गिड़गिडा़कर बोला कि "मुझे तीन दिन की जिंदगी दे दो, मैं तुम्हे अपना आधा धन दे दूंगा" पर यमदूत ने उसकी बात पर कोई ध्यान नहीं दिया। उस अमीर ने फिर विनती की– "मैं आपसे एक दिन की जिंदगी की भीख मांगता हूं। इसके बदले तुम मेरी वर्षो की मेहनत से जोड़ा गया पूरा धन ले लो। यमदूत फिर भी कठोर बना रहा। आखिर में उसे यमदूत से सिर्फ इतनी मोहलत मिली कि वह आने वाली पीढ़ियों के लिए एक संदेश लिखकर छोड़ सके। संदेश में लिखा– जिस किसी को भी यह संदेश मिले, उससे मैं सिर्फ इतना कहूंगा कि वह जीवन भर सिर्फ संपत्ति जोड़ने की फिराक में न रहे, बल्कि जिंदगी का एक–एक पल पूरी तरह से जिए। मेरी पॉच लाख स्वर्ण मुद्राएं भी मेरे लिए एक घंटे का समय नहीं खरीद सकीं।

# अंतरक्षेत्रीय विद्युत क्रिकेट प्रतियोगिता में रायपुर रीजन बना विजेता
# शरीर सौष्ठव व शक्तितोलन में कोरबा पश्चिम बना विजेता

हसदेव ताप विद्युत गृह कोरबा पश्चिम के हसदेव खेल परिसर (लाल मैदान) में अंतरक्षेत्रीय विद्युत किकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें 8 क्षेत्र की किकेट टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का



उद्घाटन श्री ओ.सी.कपिला मुख्य अभियंता कोरबा–पश्चिम द्वारा किया गया। इस अवसर पर आयोजन समिति के अध्यक्ष श्री अजय श्रीवास्तव अति. मुख्य अभियंता एवं उपाध्यक्ष राष्ट्रीय विद्युत कीडा परिषद, श्री अनिल व्यास अति. मुख्य अभियंता सिविल एवं एन.के.बिजौरा अधीक्षण यंत्री विशिष्ट अतिथि के रूप में मंच पर विराजमान थे। कोरबा पश्चिम के वरिष्ठ खिलाड़ी श्री प्रकाश पटेल द्वारा सभी खिलाड़ियों को अनुशासित रहकर श्रेष्ठ खेल प्रदर्शन करने की शपथ दिलाई गई।

प्रतियोगिता के फायनल में रायपुर रीजन ने मेजबान कोरबा–पश्चिम की टीम को परास्त कर विजेता होने का गौरव प्राप्त किया। कोरबा पश्चिम के दिनेश मेश्राम को सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज, रायपुर रीजन के पी.के. खरे को सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज तथा गजेंद्र निषाद को सर्वश्रेष्ठ आलराउण्डर का पुरस्कार श्री ओ.सी.कपिला द्वारा प्रदान किया गया। केन्द्रीय पर्यवेक्षक श्री प्रसाद राव द्वारा अपने अुनभव एवं खिलाड़ियों के प्रदर्शन को देखते हुए ऑल इण्डिया विद्युत क्रिकेट प्रतियोगिता के लिये खिलाड़ियों का चयन किया गया। जिसकी घोषणा मुख्य अतिथि द्वारा की गई।

कोरबा पश्चिम को अंतरक्षेत्रीय विद्युत शरीर सौष्ठव एवं शक्तितोलन प्रतियोगिता के आयोजन का दायित्व भी सौपा गया। रविन्द्र भवन (सीनियर क्लब) में दोनो प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। जिसका उद्घाटन श्री कपिला मुख्य अभियंता कोरबा–पश्चिम द्वारा किया गया। श्री आर.के.पाटकर ने सभी खिलाड़ियों को शपथ दिलाई। विद्युत कम्पनियों के श्रेष्ठ 6 क्षेत्रीय टीमों ने हिस्सा लिया। 66 कि.ग्रा. के ग्रुप में कोरबा पश्चिम के बलराम वस्त्रकार ने स्वर्ण पर कब्जा जमाया। रायपुर सीजन के जावेद खान एवं कोरबा पश्चिम के बी.के.श्रीवास्तव ने एक बराबर 317.50 कि.ग्रा. वजन उठाया। जावेद खान को रजत एवं बी.के. श्रीवास्तव को कांस्य पदक से नवाजा गया। कोरबा पश्चिम के अनुभवी खिलाड़ी बलराम वस्त्रकार ने सबसे ज्यादा 490 कि.ग्रा. वजन उठाकर ''स्ट्रांग मेन ऑफ द टुर्नामेन्ट'' की पट्टी पर अपना कब्जा जमाया। शरीर सौष्ठव एवं शक्तितोलन दोनो प्रतियोगिताओं में कोरबा पश्चिम को विजेता एवं रायपुर रीजन को उपविजेता घोषित किया गया। शरीर सौष्ठव में रायपुर रीजन के




श्री आर.श्रीवास को ''कम्पनी श्री'' की पट्टीका प्रदान की गई।

राष्ट्रीय स्तर के निर्णायक श्री डी.डी.चंदेल, श्री जे.एस.जंघेल, श्री हरीश चंदेल द्वारा विवाद रहित निर्णय देकर प्रतियोगिता को सफल बनाने में अपना सहयोग दिया। श्री बी.के.श्रीवास्तव श्री आर.के.पाटकर, श्री मनीष श्रीवास्तव श्री के.के.मानिक सहायक यंत्री का सहयोग प्रशंसनीय रहा।

## अंतरक्षेत्रीय व्हॉलीबाल प्रतियोगिता

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत होल्डिंग कंपनी रायपुर के तत्वाधान में जगदलपुर में आयोजित अंतरक्षेत्रीय व्हॉलीबाल प्रतियोगिता 2012–13 के फायनल मैच में कोरबा पश्चिम ने कोरबा पूर्व की टीम को पराजित कर चेम्पीयनशीप पर कब्जा किया। छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के पश्चात लगातार 13 वीं बार यह खिताब हासिल किया। इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के सभी आठ क्षेत्रों की टीम ने



भाग लिया।

प्रतियोगिता में कोरबा पश्चिम की टीम का नेतृत्व धरमवीर सिंह राजपूत ने किया। टीम के सदस्य डी.डी. नायक, आर.पी.लोधी, बी.के.कश्यप, सी.एस.भट्ट, राजकुमार वर्मा, प्रभाकर साहू, ए.के.कर, गोविंद राठौर ने अच्छे खेल का प्रदर्शन किया। टीम के मैनेजर का दायित्व रवीन्द्र साहू ने बखूबी निभाया। धरमवीर सिंह राजपूत को स्पर्धा के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार प्राप्त हुआ।

हसदेव ताप विद्युत गृह कोरबा पश्चिम के मुख्य अभियंता श्री ओ.सी.कपिला, अति.मुख्य अभियंता श्री ए.के. श्रीवास्तव, क्षेत्रीय कीडा एवं कला परिषद के अध्यक्ष श्री के. पी.बनर्जी, अधीक्षण यंत्री श्री एफ.कुजुर, वरिष्ठ कल्याण अधिकारी श्री पी.के.दवे, कल्याण अधिकारी श्री आर.एस. रात्रे, बी.एम.एस. के पदाधिकारी श्री राधेश्याम जायसवाल, श्री ए.पी.साहू, श्री के.एन.पटेल ने कोरबा पश्चिम टीम को बधाई देते हुए, उत्कृष्ठ खेल के लिए भूरि–भूरि प्रशंसा की। मुख्य अभियंता श्री कपिला ने वरिष्ठ खिलाड़ियों से नए खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने एवं टीम में शामिल करने की आवश्यकता पर बल दिया।

## पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी से सेवानिवृत्त हुये कर्मियों की विदाई

छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर ट्रांसमिशन कम्पनी से सेवानिवृत्त हुये अधिकारियों/कर्मचारियों को 30 मार्च 13 को भावभीनी विदाई दी गई। सेवानिवृत्तजनों की सेवायात्रा को बहुमूल्य निरूपित करते हुये अतिथियों ने इनकी कार्यकुशलता, कार्य संस्कृति को बनाये रखने का आव्हान अन्य सेवारत कर्मियों से किया। विदाई समारोह में पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी से सेवानिवृत्त हुये सर्वश्री एम.के. हासमी, मुकुंद राम, गुरूदयाल साहू, भगवानी सिंह, पुरूषोत्तम लाल निषाद ने अपनी सेवायात्रा के दौरान अधिकारियों/कर्मचारियों से मिले सहयोग के




प्रति आभार व्यक्त किया।

विदाई समारोह में पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के मुख्य अभियंता सर्वश्री के.एस.मनोठिया, डब्लू.आर. वानखेडे, आर.के. तिवारी, आर.सी.चौबे सहित अन्य अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित थे। इस अवसर पर सेवानिवृत्तजनो को शुभकामनायें देते हुये प्रतीकात्मक भेंट तथा विभिन्न प्रकार के भुगतानों के धनादेश प्रदान किये गये।

विदाई समारोह में श्री योगेश नैयर ने कार्यक्रम का संचालन करते हुये सेवानिवृत्तजनों के जीवन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों के प्रति उपमहाप्रबंधक श्री एच.के. बघेल ने आभार व्यक्त किया।

# बिलासपुर क्षेत्र में टेबल टेनिस प्रतियोगिता सम्पन्न

छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर वितरण कंपनी बिलासपुर क्षेत्र में टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन 19 से 21 फरवरी 2013 तक कल्याण भवन तिफरा में किया गया। इसमें रायपुर क्षेत्र के खिलाड़ियों ने कोरबा पूर्व की टीम को हराते हुए टीम चैम्पियनशिप का खिताब हासिल किया। रायपुर क्षेत्र ने ओपन डबल्स के मुकाबले में खिलाड़ी रजनीश ओबेराय और श्रीराम सावले ने चैम्पियन का पुरस्कार प्राप्त किया। महिला खिलाड़ी कु.दिव्या आमदे और श्रीमती शोभना सिंह ने ओपन डबल्स के खिताब पर कब्जा किया. टेबल टेनिस एकल प्रतियोगिता में पुरूष वर्ग में कोरबा पश्चिम से श्री प्रशांत बापट विजेता तथा रायपुर क्षेत्र से श्री राम सावले उपविजेता, महिला वर्ग में बिलासपुर क्षेत्र से श्रीमती सरवरी मोईत्रा विजेता एवं रायपुर सेन्ट्रल से कु. श्रद्धा वर्मा उपविजेता रही।




समापन समारोह के मुख्य अतिथि मुख्य अभियंता बिलासपुर क्षेत्र श्री शारदा सिंह ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुये पुरस्कार प्रदान किया। इस अवसर पर उन्होंने अखिल भारतीय विद्युत क्रीड़ा नियंत्रण मण्डल के तत्वावधान में होने वाली अखिल भारतीय अन्तर्विद्युत मण्डलीय टेबिल टेनिस प्रतियोगिता हेतु छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कम्पनी की टीम का ऐलान किया. टीम में रायपुर क्षेत्र के खिलाड़ी रजनीश ओबेराय, श्रीराम सावले, महिला खिलाड़ियों में कु.दिव्या आमदे, श्रीमती शोभना सिंह केन्द्रीय कार्यालय के विमल मिश्रा तथा महिला खिलाड़ी कु.श्रद्धा वर्मा तथा कोरबा पश्चिम के प्रशांत बापट, बी.के.साव, पूर्व से अशोक महेन्द्रु बिलासपुर से के.व्ही.टी.राव शामिल हैं. कार्यकम में श्री टी.के.मेश्राम अति. मुख्य अभियंता, तथा सचिव श्री के.एस.संधु अधीक्षण यंत्री, श्री के.एस.भंडारी अधीक्षण यंत्री, श्रीआर.पी.गुरूदीवान कल्याण अधिकारी, महेश श्रीवास, एन.टी.भावसार, श्री एस.जुलू,श्री आलोक पिंगले एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण सम्मिलित हुए।

विजयी होकर लौटे खिलाड़ियों को रायपुर क्षेत्र के मुख्य अभियंता श्री एम.एल.मिश्रा ने बधाई दी तथा विगत 3 वर्षों से इस कप पर कब्जा बनाये रखने के लिये हर्ष व्यक्त किया। रायपुर क्षेत्र के खिलाड़ियों में रजनीश ओबेराय, श्रीराम सावले, योगेश प्रधान, दीनानाथ वर्मा एवं प्रकाश तललवार तथा महिला खिलाड़ियों में श्रीमती शोभना सिंह और दिव्या आमदे शामिल थी। इस अवसर पर क्षेत्रीय मुख्यालय रायपुर के अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री प्रहलाद सिंह, अधीक्षण अभियंता श्री हर्ष गौतम तथा अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारी ने बधाईयाँ दी. कल्याण अधिकारी श्री दीनानाथ वर्मा ने मुख्य अभियंता से खिलाड़ियों का परिचय कराया.

लफ्ज ही ऐसी चीज है जिसकी वजह से इंसान या तो

दिल में उतर जाता है, या तो दिल से उतर जाता है।



# अन्तर्क्षेत्रीय ब्रिज टूर्नामेंट में कोरबा विजेता–रायपुर उपविजेता

छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी मुख्यालय में आयोजित दो दिवसीय अन्तर्क्षेत्तीय ब्रिज टूर्नामेंट में कोरबा की टीम को स्वीसलीग इवेंट में विजेता एवं रायपुर की टीम को उपविजेता होने का गौरव प्राप्त हुआ। स्पर्धा के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि पॉवर होल्डिंग–ट्रेडिंग कंपनी के प्रबंध निदेशक डॉ0 एस.पी.शर्मा ने विजयी खिलाड़ियों को बधाई देते हुये पुरस्कृत किया। इस अवसर पर कोरबा के वरिष्ठ खिलाड़ी श्री के.पी. बेनर्जी को खेल जगत में उत्कृष्ट योगदान के लिये सम्मानित किया गया।



स्वीसलीग के प्रथम विजेता टीम में सर्वश्री के.पी. बनर्जी, एम.एल.राठौर, जतविंदर सिंह, एम.एल.भावसार तथा उपविजेता टीम में सर्वश्री ए.के. गोपेवार, जे.एम. सिकदर, हरीश चौहान एवं संचारनाथ शामिल थे। इसी तरह मास्टरपेयर इवेंट में प्रथम श्री व्ही.के. मिश्रा, एम. एल.भावसार तथा द्वितीय सर्वश्री बी.मनोरिया,एस. चंद्रवंशी थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ0 शर्मा ने कहा कि हार–जीत से ज्यादा महत्व खेल जगत में खिलाड़ी भावना को बनाये रखने का है। राष्ट्रीय स्पर्धा में इसी भावना के साथ पॉवर कंपनी एवं छत्तीसगढ़ का नाम खिलाड़ीगण रौशन करें यही मेरी कामना है।



दो दिवसीय स्पर्धा के दौरान टूर्नामेंट डायरेक्टर की भूमिका का निवर्हन श्री डी.एन.कथूरिया एवं एस. मोहम्मद ने किया। उन्होंने कड़ी स्पर्धा के बीच राष्ट्रीय स्पर्धा हेतु 6 खिलाड़ी सर्वश्री ए.के. गोपेवार, जे.एम. सिकदर, हरीश चौहान, संचारनाथ, बी.मनोटिया, एस. के. कटियार को योग्य ठहराया। कार्यक्रम के आरम्भ में अतिथियों का स्वागत मुख्य अभियंता श्री डी.के. भालेराव एवं उपमहाप्रबंधक डॉ0 हेमंत सचदेवा ने किया तथा कार्यक्रम का संचालन उपमहाप्रबंधक (जनसम्पर्क) श्री विजय मिश्रा ने किया।

**जब ईश्वर आपके संकट दूर कर देता है, तब आपका उस पर विश्वास बढ़ जाता है**

**लेकिन जब वह आपकी समस्या हल नहीं करता, तब विश्वास होता है कि**

**उसे आपकी क्षमता पर भरोसा है।**

# कोरबा ताप विद्युत गृह में राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह सम्पन्न

कोरबा पूर्व में राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह का आयोजन 04 से 11 मार्च तक श्री एस.के.बंजारा मुख्य अभियंता उत्पादन के मुख्य आतिथ्य, श्री सी.एल.नेताम मुख्य अभियंता प्रशिक्षण, की अध्यक्षता एवं श्री जी.पी.दुबे वरिष्ठ मुख्य रसायनज्ञ, अधीक्षण अभियंता श्री गौतम मुखर्जी, श्री एल.पी.शर्मा एवं श्री जे.के.राम एवं श्री बी.एन.विश्वास आतिथ्य में सम्पन्न हुआ।




सुरक्षा सप्ताह में कर्मियों के लिए निबंध नारा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया तथा विभिन्न संभागों एवं अनुभागों के लिए व्यवस्थित रखरखाव एवं सुरक्षा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान सुरक्षा संबंधी फिल्म प्रदर्शन एवं मॉकड्रील भी किया गया। जिसमें कोरबा पूर्व के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। डॉ. एस.के.सोनी चिकित्साधिकारी द्वारा उद्योगजनित बिमारियों के कारण एवं उनसे बचने के उपाय एवं निदान के बारे में प्रोजेक्टर के माध्यम से व्याख्यान प्रस्तुत किया तथा मुख्य संरक्षा अधिकारी श्री आर.एल.ध्रुव ने संरक्षा सप्ताह में आयोजित कार्यकमों के संबंध में प्रतिवेदन के साथ–साथ सुरक्षा संबंधी प्रश्नमंच प्रस्तुत किया गया।

श्री बंजारा ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि दुर्घटना से मानव, मशीन एवं धन की बर्बादी होती है। अतः हमे दुर्घटना से बचने का हर संभव प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कर्मियों से अपील किया की स्वयं परिवार एवं संयंत्र की सुरक्षा का सर्वोपरि मानते हुए सुरक्षा नियमों का पालन कर शून्य दुर्घटना लक्ष्य प्राप्ति को कार्यकम अध्यक्षत श्री सी.एल.नेताम ने कहा कि कार्य के दौरान तनाव–मुक्त रहे एवं अतिविश्वास की भावना को त्याग कर संयत्र से कार्य करे इससे दुर्घटनाओं से बच सकते है।

इस अवसर पर डॉ. जी.पी.दुबे ने कहा कि लापरवाही अज्ञानता अतिविशस एवं प्रशिक्षण की कमी दुर्घटना का कारण होता है अतः इस दिशा में हमें आवश्यक पहल करनी चाहिए। कार्यकम के अध्यक्ष श्री गौतम मुखर्जी अधीक्षण अभियंता ने कर्मियों से आव्हान किया की उन्हें जो सुरक्षा उपकरण प्रदान किये गये है। उनका सदुपयोंग करें तथा दुर्घटनाओं से बचे। उन्होंने काम के समय पर मोबाइल बंद रखने की सलाह दी। कार्यकम के दौरान मुख्य अतिथि श्री एस.के.बंजारा ने सभी कर्मियों को सुरक्षा संबंधी शपथ दिलाया तथा सुरक्षा समिति के सदस्यों को सेफ्टी प्रमोशनल सामग्री प्रदान किया।

सुरक्षा सप्ताह के अवसर पर हाइड्रोजन प्लांट में मॉकड्रील किया गया। इस हेतु अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों को पुरस्कृत किया गया। व्यवस्थित रखरखाव एवं सुरक्षा प्रतियोगिता में अ–समूह से टी.एम.डी. 3 प्रथम, कोल परिवहन–द्वितीय तथा कोल हस्तांतरण एवं वर्कशाप को तृतीय तथा ब–समूह में हाइड्रोजन प्लांट को प्रथम, आई.एण्ड सी. 3– द्वितीय, परीक्षण, आई एण्ड सी. 2 व भंडार संभाग को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। सुरक्षा निबंध प्रतियोगिता में संदीप कुमार बघेल–प्रथम, नोहर सिंह लहरे–द्वितीय, रामस्नेही आयंगर–तृतीय तथा नारा प्रतियोगिता में घनश्याम साहू–प्रथम, नोहर सिंह लहरे–द्वितीय तथा एस.के.साहू–तृतीय को पुरस्कार से सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी कर्मियों को संरक्षा प्रोत्साहन प्रदान किया गया।

कार्यकम का संचालन एस.पी.बारले, वरि. कल्याण अधिकारी तथा संयोजन आर.एल.ध्रुव मुख्य संरक्षा अधिकारी तथा आभार प्रदर्शन एन.डी.गौरी संरक्षा अधिकारी द्वारा किया गया। कार्यकम को सफल बनाने में सुरक्षा समिति के सदस्यों एवं सर्वश्री जे.पी. देवांगन, हरि नायडू, सनत सिदार का सहयोग सराहनीय रहा।

# आदर्शिनी महिला मंडल द्वारा स्मारिका का विमोचन

आदर्शिनी महिला मंडल छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कपंनी द्वारा नवप्रकाशित स्मारिका 2013 का विमोचन क्लब की संरक्षिका श्रीमती रेखा सिंह के करकमलों से सम्पन्न हुआ। स्मारिका में महिला क्लब की 10 वर्षो की



प्रगति एवं विकास का विवरण संजोया गया है। विमोचन समारोह में श्रीमती सिंह ने संदेश व्यक्त किया कि किसी भी राज्य की पहचान वहॉ की संस्कृति होती है और संस्कृति को बनाये रखने में महिलाओं का सदैव विशेष योगदान रहा है। इस दिशा में आदर्शिनी महिला क्लब का योगदान भी सराहनीय है।

इस अवसर पर क्लब की अध्यक्षा श्रीमती गुरमीत कौर कलसी द्वारा विशिष्ट अतिथि श्री शिवराज सिंह, श्रीमती रेखा शिवराज सिंह, एमडी. श्री सुबोध सिंह, एमडी. श्री विजय सिंह, पूर्व एमडी. श्री जी. कलसी श्री के.एस.अरोरा, श्री व्ही.के.वर्मा, एवं श्री ए.के.राय एवं समस्त अतिथियों का हार्दिक अभिनंदन किया गया।

महिला क्लब की सचिव नीलम मेहता एवं आभा शुक्ला ने कार्यकम का संचालन किया। सांस्कृतिक कार्यकम में अंवती पात्रीकर एवं श्रद्धा भादे द्वारा कत्थक नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी गई। श्रीमती रीता गुप्ता एवं उषा अग्रवाल द्वारा रोचक गेम खिलवाये गये। कार्यकम की सफलता में श्रीमती जानकी कर, प्रीति सिंह, किरण सिंह, दिव्या पात्रीकर, सरोजनी दुबे, नीलम भादे, ममता मिश्रा, आशा शर्मा एवं भाटिया का विशेष सहयोग रहा। कार्यकम के अंत में नीलम मेहता ने सभी अतिथिगणों के प्रति आभार व्यक्त किया। स्मारिका प्रकाशन के लिये समस्त सहयोगियों को हार्दिक धन्यवाद दिया गया।

# आदर्शिनी महिला मंडल का होली मिलन

आदर्शिनी महिला मंडल छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कपंनी में होली मिलन के साथ ही नये अध्यक्ष का चुनाव किया गया। पॉवर कंपनी मुख्यालय के डंगनिया परिसर में आयोजित कार्यकम में ट्रांसमिशन कंपनी के एमडी श्री विजय सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती किरण सिंह को सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद के लिये चुना गया। इस अवसर पर महिला क्लब की सदस्याओं द्वारा विविध फूलों के माध्यम से रंगोत्सव मनाया गया। होली मिलन समारोह के दौरान नवनियुक्त अध्यक्षा श्रीमती किरण सिंह ने सभी को होली की शुभकामनाएं देते हुये सामाजिक एवं कल्याणकारी गतिविधियों में अधिकाधिक योगदान देने का संदेश दिया।

इस दौरान आभा शुक्ला, प्रमिला वर्मा, रीता गुप्ता, उषा अग्रवाल, रश्मि श्रीवास्तव, सरोजनी दुबे,




दिव्या पात्रीकर, नीलम भादे, आशा शर्मा आदि ने विभिन्न रोचक गेम में अपनी भागीदारी दी। नवनियुक्त अध्यक्षा को क्लब सदस्याओं ने बधाई देते हुये उनका सम्मान किया।

# विद्युत कंपनी हॉकी ट्राफी पर
# कोरबा पूर्व का कब्जा बरकरार रायपुर क्षेत्र उपविजेता

अंतरक्षेत्रीय हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन कोरबा पूर्व में श्री ए.के.सक्सेना कार्यपालन निदेशक (संचा.संधा.उत्पा.) रायपुर के मुख्य आतिथ्य एस.के. बंजारा मुख्य अभियंता उत्पादन कोरबा पूर्व की अध्यक्षता तथा एम.एस.कंवर मुख्य अभियंता डीएसपीएम ताप विद्युत गृह श्री सी.एल.नेताम, मुख्य अभियंता प्रशिक्षण, श्री अनिल व्यास अति.मुख्य अभियंता सिविल एवं डॉ.जी. पी.दुबे वरिष्ठ मुख्य रसायनज्ञ के विशिष्ठ आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी से रायपुर क्षेत्र, बिलासपुर क्षेत्र, राजनांदगांव क्षेत्र, होल्डिंग कंपनी से रायपुर मुख्यालय तथा उत्पादन कंपनी से कोरबा पूर्व डीएसपीएम. ताप विद्युत गृह एवं कोरबा पश्चिम की टीमों ने प्रतिनिधित्व किया।

रायपुर एवं कोरबा पूर्व के बीच सम्पन्न फायनल मैच में कोरबा पूर्व के खिलाड़ियों ने धुआंधार खेल का प्रदर्शन करते हुए रायपुर क्षेत्र को 9–2 से पराजित किया। कोरबा पूर्व की टीम से एस.के.सोनपुरे की कप्तानी में ए.तिग्गा सुशील लकड़ा, जयपाल बैक, अजय तिर्की, पी.कुजुर.बी.टोप्पो, विजय लकड़ा, स्टीफन मिंज, लीनुस कुजुर, एम.एस.ठाकुर एवं डी.एस.बघेल ने उम्दा खेल का प्रदर्शन किया। टीम के मैनेजर एस.के.झा. रहे। मैच का संचालन एस.ई.सी.एल. के निर्णायक रामलाल कूजुर, अरविन्द दौसाज, शम्भू सिंह बालको के वाई. कुरैशी तथा शिक्षा विभाग के श्री टंडन ने किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री सक्सेना ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि विद्युत कंपनी द्वारा आपसी सद्भाव कायम करने के लिए विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। हॉकी प्रतियोगिता खिलाड़ियों को टीम के साथ आपसी सामंजस्य एवं सद्भाव को पल्लवित करता है जो कर्मियों के कार्य के दौरान मददगार होता है। कार्यकम अध्यक्ष श्री बंजारा ने कहा कि खेल स्वास्थ्यवर्धन के साथ–साथ भाईचारा तथा दूरियों को कम करने में



सहायक होता है। अधिक आयु होने के बाद भी हमारे खिलाड़ी काम के साथ–साथ अच्छे खेल का प्रदर्शन करते है, जिसके लिए खिलाड़ी बधाई के पात्र है। विशिष्ठ अतिथि श्री कंवर ने कहा कि अच्छे खिलाड़ी अपने कार्य को भी अच्छे ढंग से सम्पन्न करते है क्योंकि उनमें निष्ठा एवं लगन तथा टीम भावना खेल के माध्यम से विकसित होता है।

इस अवसर पर विशिष्ठ अतिथि श्री नेताम ने कहा कि हॉकी के सभी खिलाड़ी बॉल को गोल पोस्ट पहुचाने के लिए जिस प्रकार टीम भावना का प्रदर्शन करते है उसी तरह कार्य में सफलता के लिए कर्मचारियों को भी टीम भावना के साथ काम करना चाहिए। श्री जी. पी.दुबे एवं अनिल व्यास ने भी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए अपने विचार रखे। श्री बंजारा ने अखिल भारतीय विद्युत कंपनी हॉकी प्रतियोगिता के टीम चयन हेतु शिविर के लिये चयनित 31 खिलाड़ियों की घोषणा कर सेन्ट्रल ऑब्जर्वर राजेश खरे को खिलाड़ियों की सूची प्रदान किया। कीडा परिषद के अध्यक्ष बी.बी.पी.मोदी ने स्वागत उद्बोधन के साथ प्रतियोगिता संबंधी प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। बी.एम.एस. के महामंत्री सत्येन्द्रनाथ दुबे ने ग्यारह सौ रूपये तथा मेसर्स बी.बी.राय कंस्ट्रक्शन द्वारा एक हजार रूपये की राशि से विजेता टीम को सम्मानित किया। स्व.श्री बजरंग कटकवार की स्मृति में कोरबा पूर्व खिलाड़ियों की ओर से विजेता टीम को ट्राफी प्रदान किया गया।

प्रतियोगिता में बेस्ट प्लेयर का खिलाब ओलम्पिक संघ द्वारा स्टीफन मिंज को प्रदान किया गया।

प्रतियोगिता का संचालन एवं आभार प्रदर्शन एस.पी.बारले, वरि.कल्याण अधिकारी, क्रीडा सचिव द्वारा किया गया। इस अवसर पर कोरबा पूर्व, डीएसपीएम. ताप विद्युत गृह तथा कोरबा पश्चिम ताप विद्युत गृह के अधिकारी कर्मचारीगण तथा विभिन्न श्रमिक संगठन के पदाधिकारी एस.एन.दुबे, एच.आर.नेताम, पालेश्वर सिंह, टी.पी.गुप्ता, विजय पटनायक एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे। प्रतियोगिता को सम्पन्न कराने में डी.तिर्की सुरेश किस्टोफर, सुनील चौहान, एस.के.डेविड, सनत सिदार, गजानंद नेताम, पी.खेस, के.के.टोप्पों, पी.पी.कुजूर, संजय जर्नादन इमिल कुजूर, निलेश निर्मलकर, रमेश साहू, सुभाष साहू, खोमलाल पटैल, गेंदराम आदि का सहयोग सराहनीय रहा।

## राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान

राष्ट्रीय पल्स पोलियो टिकाकरण अभियान में कोरबा पूर्व की भागीदारी तहत् निगमित सामाजिक दायित्ववों के तहत प्रथम एवं द्वितीय चरण के टीकाकरण हेतु 20 जनवरी से 24 फरवरी 2013 को छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनी मर्यादित कोरबा पूर्व के आवासीय परिसर में श्रम कल्याण केन्द्र (जूनियर क्लब)/सीनियर क्लब, एवं कंपनी चिकित्सालय, आटा चक्की दुर्गा पंडल, गायत्री मंदिर में पोलियो ड्राप पिलाने हेतु बूथ बनाया गया था जहां पर विद्युत कर्मियों एवं आसपास क्षेत्र के पांच वर्ष तक के लगभग 200 बच्चों को पोलियों ड्राप पिलाया गया। अभियान की शुरूआत मुख्य अभियंता (उत्पा.) श्री एस.के.बंजारा एवं मुख्य अभियंता (डीएसपीएम) श्री एम.एस.कंवर ने बच्चों को पल्स पोलियों ड्राप पिलाकर किया तथा आवासीय परिसर में सभी बूथों पर आकर अभियान को सफल बनाने लोगों का उत्साहवर्धन किया।

इस अभियान में कंपनी चिकित्सालय के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. श्रीमती आर.जगन्नाथन एवं



चिकित्सा अधिकारी डॉ.एस.सी.खरे व बुथ प्रभारी डॉ. सोनी तथा चिकित्सालय स्टाफ एवं वरिष्ठ कल्याण अधिकारी एस.पी.बारले का सराहनीय सहयोग रहा।

## नेत्रदान के लिये आदर्शिनी महिला मंडल का प्रयास



आदर्शिनी महिला मंडल छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी द्वारा रायपुर स्थित सिटी 36 मॉल में पहुचकर लोगो को नेत्रदान की महत्ता बताई। इस दौरान महिला क्लब द्वारा 28 जनों से नेत्रदान हेतु फार्म भरवाये गये। इस अवसर पर आदर्शिनी महिला क्लब की अध्यक्षा श्री किरण सिंह सहित आभा शुक्ला, दिव्या पात्रीकर, रश्मि श्रीवास्तव, नीलम भादे, ममता मिश्रा, सरोजनी दुबे एवं आशा शर्मा सहित अन्य सदस्य मौजूद थे।

# अखिल भारतीय विद्युत कबड्डी प्रतियोगिता पंजाब ने जीती




हसदेव ताप विद्युत गृह कोरबा पश्चिम को अखिल भारतीय विद्युत कबड्डी प्रतियोगिता आयोजन करने का दायित्व अखिल भारतीय विद्युत क्रीड़ा परिषद द्वारा सौपा गया। इस परिप्रेक्ष्य में कोरबा पश्चिम के हसदेव खेल परिसर (लाल मैदान) में तीन दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का उद्घाटन एस.सी.ई.एल. कुसमुन्डा के महाप्रबन्धक श्री उमेश चौधरी द्वारा खेल ध्वज फहराकर किया गया। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता कोरबा पश्चिम के मुख्य अभियंता एवं आयोजन समिति के अध्यक्ष श्री ओ.पी.कपिला द्वारा की गई। विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री अजय श्रीवास्तव अति. मुख्य अभियंता व उपाध्यक्ष अखिल भारतीय विद्युत कीडा परिषद एवं आयोजन समिति के अध्यक्ष एवं श्री एन.के.बिजौरा अधीक्षण यंत्री की गरिमामय उपस्थिति रही। देश भर से आये खिलाड़ियों को छत्तीसगढ़ की संस्कृति की जानकारी देने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ी नृत्य, सुआ, कर्मा, ददरिया का सुन्दर प्रदर्शन बाल्को के लोक कलाकारों द्वारा किया गया। देश के 17 राज्यों के विद्युत कम्पनियों की श्रेष्ठ टीमों ने अपने खेल जौहर का प्रदर्शन अनुशासित रहकर किया।

अखिल भारतीय विद्युत कबड्डी प्रतियोगिता के दौरान दर्शकों को अनेक श्रेष्ठ टीमों के बीच अच्छे खेल प्रदर्शन देखने को मिला जिसमें से गत वर्ष की विजेता कर्नाटका व दिल्ली के बीच खेला गया सेमीफायनल का मैच था जिसमें दिल्ली के खिलाड़ी संजीव काचरा ने अकेले के दम पर कर्नाटका को लगभग हरा ही दिया था कर्नाटका के खिलाड़ियों का अनुभव उन्हें न्यूनतम अंक से विजय प्राप्त करने में सहायक सिद्ध हुआ। अंतिम मुकाबले में गत वर्ष के विजेता कर्नाटका के उपविजेता पंजाब इस बार फिर से टकराए, कबड्डी के सभी विधा जैसे कैच, रेड, बोनसस पाइंट लेना, बचाव करना आदि का श्रेष्ठ प्रदर्शन दोनों टीमों के द्वारा किया गया। अंतराष्ट्रीय कबड्डी में कनाडा में भारत का नेतृत्व करने वाली खिलाड़ियों से सजी पंजाब की टीम गतवर्ष के विजेता टीम कर्नाटका को हराकर पिछले वर्ष का बदला लेने में सफल रहा व इस वर्ष का विजेता बना।




अखिल भारतीय विद्युत कबड्डी प्रतियोगिता के समापन समारोह के मुख्य अतिथि श्री मनोज डे अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग थे। समापन समारोह के मुख्य अतिथि श्री मनोज डे ने इस अवसर पर कहा कि खेल हमारे शरीर को स्वस्थ रखता है एवं हमे अनुशासन सिखाता है। बिजली उत्पादन में व हमारे जीवन में ये दोनो बाते अगर रही तो सफलता हमें जरूर मिलेगी। श्री कपिला ने कहा कि तीन दिनों तक आयोजित इस स्पर्धा में खिलाड़ियों ने अच्छे खेल के साथ ही अनुशासन का पालन किया है। श्री अजय श्रीवास्तव ने आयोजन को सफल बनाने में रत अधिकारियों /कर्मचारियों को बधाई दी।

उद्घाटन एवं समापन समारोह कार्यक्रम का सफल संचालन श्री रविन्द्र साहू द्वारा किया गया। सहयोग श्री आनंद मोखरी वाले सहायक यंत्री द्वारा किया गया। आयोजन समिति के सचिव श्री आर.के.शास्त्री द्वारा धन्यवाद ज्ञापित करते ही 38 वीं अखिल भारतीय कबड्डी प्रतियोगिता के सफल आयोजन का समापन हुआ।

# हसदेव ताप विद्युत गृह में संरक्षा सप्ताह सम्पन्न

हसदेव ताप विद्युत गृह कोरबा पश्चिम में संरक्षा सप्ताह का शुभारंभ श्री ओ.सी.कपिला मुख्य अभियंता, श्री अजय श्रीवास्तव अतिरिक्त मुख्य अभियंता ने दीप प्रज्जवलित कर किया। श्री कपिला ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सुरक्षित कार्यप्रणाली के साथ कार्य करने की शपथ दिलाई।

इस अवसर पर मुख्य अभियंता श्री कपिला ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि संरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिये इसे सप्ताह तक न सीमित रखकर वर्ष भर बनाये रखने के साथ ही संरक्षा के नियमों का पालन करने की अपील की। इसी कम में श्री अजय श्रीवास्तव ने संरक्षा प्रणाली को सुदृढ़ करने की सलाह दी तथा वर्क परमिट सिस्टम में परिवर्तन कर उसे और प्रभावशाली बनाने पर जोर दिया। हसदेव ताप विद्युत गृह कोरबा पश्चिम में दुर्घटना को रोकने के लिये प्रबंधन द्वारा अपनाये जा रहे संरक्षा प्रणाली की प्रशंसा करते हुए श्री विजय सोनी उपसंचालक औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा ने कहा कि प्रबंधन शून्य दुर्घटना का लक्ष्य पाने के लिये गंभीर है, यह सराहनीय है।




संरक्षा सप्ताह के समापन समारोह में विशिष्ट अतिथि ने कहा कि असुरक्षित कार्यस्थल तथा असुरक्षित कार्यप्रणाली को दूर कर शुन्य दुर्घटना के लक्ष्य को पाया जा सकता है। सुरक्षित कार्य स्थल उपलब्ध कराना प्रबंधन का कार्य होता है, जबकि सुरक्षित कार्यप्रणाली अपनाना मुख्यतः श्रमिक पर निर्भर होता है। लेकिन दोनो पर नियंत्रण हमारा होता है। अतएवं प्रबंधन एवं श्रमिक के बीच अच्छा सामंजस्य दुर्घटना को रोकने में कारगर साबित होता है।

संरक्षा सप्ताह में आयोजित भाषण प्रतियोगिता में श्री राजेश चौधरी, श्री पी.एल.पांडे, श्री आर.के. उज्जैनी, श्री कमलेश सिंह, श्री अरूण कुमार सोनी, श्री सी.एस.गुर्जर, श्री राजकुमार लाठिया, श्री रनसाय यादव, श्री कोमल सिंह ने पुरस्कार प्राप्त किये।

संरक्षा नारा प्रतियोगिता में श्री कुमार सिंह श्री अर्जुन सिंह बघेल, श्री राजेश चौधरी, श्री कमलेश सिंह, श्री अरूण कुमार सोनी, श्री सी.एस.गुर्जर, श्री डी.के. राठौर, श्री राजकुमार लाठिया, श्री रनसाय यादव, श्री कोमल सिंह ने पुरस्कार प्राप्त किये।

संरक्षा कविता प्रतियोगिता में श्री आर.के. जैस, श्री पी.एल.पाण्डे, श्री राजेश चौधरी, श्री रंजित सेन गुप्ता, श्री कमलेश सिंह ठाकुर, श्री ए.के.सोनी, श्रीमती मालती जोशी, श्री डी.के.राठौर एवं श्री राजकुमार लाठिया ने पुरस्कार प्राप्त किये। विजयी प्रतिभागियों को श्री विजय सोनी एवं श्री ओ.सी कपिला द्वारा पुरस्कार वितरित किये गये।

इस सुरक्षा सप्ताह के कार्यकमों में ठेका श्रमिकों को प्रशिक्षण श्री टी.के.हाजरा, मुख्य संरक्षा अधिकारी श्री डी.के.घोष तथा एस.के.चौबे द्वारा किया गया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में श्री रजनीश जैन, श्री ए.एस. कोरम, श्री एच.एन.कोसरिया, श्री बी.सी.बर्गिस, डॉ. आर. के.तिवारी, एवं श्री पी.के.दवे ने निर्णायकों की भूमिका निभाई। संरक्षा सप्ताह का मंच संचालन श्री के.के.नेमा द्वारा किया गया।

# वरिष्ठ लेखाधिकारी कार्यालय बिलासपुर में विदाई समारोह

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कपंनी बिलासपुर में वरिष्ठ लेखाधिकारी कार्यालय में अनुभाग अधिकारी के पद पर कार्यरत श्री हरीश मगर ''ओम'' की सेवानिवृत्त पर 31 मार्च 2013 को भावभीनी विदाई दी गई। समारोह में मुख्य अभियंता बिलासपुर क्षेत्र एवं वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष श्री शारदा सिंह ने शाल श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि श्री मगर जहां एक कर्तव्यनिष्ठ एवं ईमानदार कर्मचारी थे वहीं एक वरिष्ठ गायक, नाटककार भी थे, जिन्होंने नगर के अतिरिक्त अनेक शहरों में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर विद्युत कंपनी एवं नगर का नाम रोशन किया। मुख्य अभियंता कार्यालय के वाणिज्य प्रभाग द्वारा भी श्री मगर का शाल एवं श्रीफल से सम्मान किया गया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।



## हमारे गौरव




### ब्रजेन्द्र त्रिवेदी

छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर वितरण कंपनी बिलासपुर क्षेत्र के (एसटीएम) संभाग, बिलासपुर में पदस्थ श्री ए.एन.त्रिवेदी सहायक यंत्री एवं अधीक्षण यंत्री (संचारण/संधारण) वृत्त, बिलासपुर में कार्यरत् श्रीमती निशा त्रिवेदी, कार्यालय सहायक श्रेणी–दो के सुपुत्र ब्रजेन्द्र त्रिवेदी द्वारा ऑल इंण्डिया कथ्थक प्रतियोगिता जूनियर वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया गया है। बधाई..........



### उत्कर्षा राठौर

छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कपंनी हसदेव ताप विद्युत गृह के अधीक्षण अभियंता (नवीनीकरण) में कार्यालय सहायक श्रेणी–दो के पद पर कार्यरत श्री हरनारायण राठौर की सुपुत्री उत्कर्षा राठौर केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित सीनियर स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा डीपीएसएनटीपीसी. जमनीपाली केन्द्र से उत्कृष्ठ अंको के साथ उत्तीर्ण कर केन्द्र में टॉप–10 में स्थान बनाई। उनकी इस उपलब्धि पर गृह जेल एवं सहकारिता मंत्री माननीय श्री ननकीराम कंवर ने स्वतंत्रता दिवस पर प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया। इससे विद्युत कंपनी परिवार गौरवान्वित है।

वर्तमान में बीआईटी. दुर्ग से इलेक्ट्रीकल एवं इलेक्ट्रानिक्स ब्रान्च से इंजीनियरिंग कर रही उत्कर्षा ने इसका श्रेय गुरूजनों माता–पिता के स्नेह तथा अपनी दोनो इंजीनियर बड़ी बहनो की अभिप्रेरणा को दिया है बधाई...............

# परिचयावली....

## कार्यपालक निदेशक श्री एल.एस.चावला



छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी में कार्यपालक निदेशक ईआईटीसी रायपुर के पद पर पदस्थ श्री एल.एस.चावला का जन्म 15 जून 1953 को रायपुर में हुआ। अपनी माता स्व0 शांति कौर एवं पिता स्व0मोहन सिंह चावला से सुस्कार प्राप्त करते हुए आपने हायर सेकण्डरी की परीक्षा वर्ष 1960 में रायपुर से उत्तीर्ण की। प्रारम्भ से ही मेधावी रहे श्री चावला ने 1975 में बैचलर ऑफ इन्जीनियरिंग (इलेक्ट्रिकल) की उपाधि रायपुर से प्राप्त की।

अपने कैरियर की शुरूआत आपने वर्ष 1976 से सहायक अभियंता ट्रेनी के रूप में मध्यप्रदेश विद्युत मण्डल जबलपुर से की। इस दौरान आपने जगदलपुर एवं बेमेतरा में अपनी सेवायें दी। वर्ष 1977 में आप सहायक अभियंता के पद पर देवरी (सागर) में पदस्थ किये गये। इस पद पर आपने बलौदा बाजार एवं रायपुर निर्माण उपसंभाग में भी अपनी सेवायें दी। अपनी सेवायात्रा में समय–समय पर पदोन्नति प्राप्त करते हुए आपको वर्ष 1989 में कार्यपालन अभियंता तथा वर्ष 2002 में अधीक्षण अभियंता के पद पर पदोन्नति प्राप्त हुई। वर्ष 2003 में आपको प्रतिनियुक्ति पर रायपुर में मुख्य विद्युत निरीक्षक के पद का दायित्व सौंपा गया। कार्य के प्रति लगन एवं निष्ठा के फलस्वरूप जुलाई 2008 में आपको मुख्य अभियंता के पद पर पदोन्नति प्राप्त हुई एवं आपकी पदस्थापना वाणिज्य कार्यालय रायपुर में की गई। इस पद पर आपने भण्डार एवं कय रायपुर में भी अपनी सफलतम सेवाएँ प्रदान की। इसी कम में आगे मई 2012 में आपको कार्यपालक निदेशक के शीर्ष पद पर पदोन्नत करते हुये ईआईटीसी कार्यालय रायपुर में पदस्थ किया गया।

## कोरबा पूर्व से सेवानिवृत्त अधिकारी–कर्मचारियों की विदाई

छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर उत्पादन कंपनी कोरबा पूर्व से सेवानिवृत्त अधीक्षण अभियंता श्री जे के राम सहित श्रीमति गायत्री सक्सेना अनुभाग अधिकारी, श्री भरत लाल थवाइत, संयंत्र पर्यवेक्षक, श्री जगदीश प्रसाद संयंत्र सहायक एक तथा श्री श्याम सुन्दर राठौर संयंत्र सहायक एक को भावभीनी विदाई दी गई।

विदाई समारोह में मुख्य अभियंता श्री एस.के. बंजारा ने सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों की उत्कृष्ट कार्यो की सराहना करते हुए संयंत्र के विकास हेतु उनकी प्रशंसा की। सी.एल.नेताम मुख्य अभियंता प्रशिक्षण एवं डॉ.जी.पी.दुबे वरि.मुख्य रसायनज्ञ,, अधीक्षण अभियंता गौतम मुखर्जी एवं बी.बी.पी.मोदी ने अपने उदबोधन में सेवानिवृत्त कर्मियों के कार्यो का उल्लेख करते हुये उनके उज्जवल भविष्य के लिये शुभकामनाएं दी। सम्मान समारोह में सेवानिवृत्त होरहे कर्मियों ने अपने अनुभव प्रस्तुत किये

इस अवसर पर सेवानिवृत्त कर्मियों को कम्पनी की ओर से कलाई घड़ी, सेवा प्रमाण पत्र, अवार्ड कमेटी की ओर से पदक प्रदान किया गया। कार्यकम में आभार प्रदर्शन अधीक्षण अभियंता श्री एम एल केरकेटटा तथा संचालन एस.पी.बारले, वरि.कल्याण अधिकारी द्वारा किया गया। कार्यकम को सफल बनाने में सर्वश्री हरि नायडू, सनत सिदार, का सहयोग सराहनीय रहा।

# राज्यस्तरीय कविता प्रतियोगिता में श्री रंजीत सेनगुप्ता पुरस्कृत

छत्तीसगढ़ शासन के जनसम्पर्क विभाग द्वारा राज्योत्सव 2012 के अवसर पर "नया रायपुर मेरा रायपुर" विषय पर आयोजित राज्यस्तरीय कविता प्रतियोगिता में श्री रंजीत सेन गुप्ता द्वारा रचित कविता को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। कोरबा पश्चिम में कार्यालय सहायक श्रेणी–एक के पद पर सेवारत श्री सेनगुप्ता को इस उपलब्धि हेतु कोरबा में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्यअतिथि मान. गृहमंत्री श्री ननकीराम कंवर ने 3 हजार रूपये एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। बधाई ...

## नया रायपुर,मेरा रायपुर

हर पल है, खुशहाल आज का और सुनहरा कल
नये रायपुर से महका अब छत्तीसगढ़ का आँचल
हरियाली छायेगी, बरसेंगे अब सुख के बादल
नये रायपुर से महका अब छत्तीसगढ़ का आँचल।

होगी राहें प्रशस्त, होगी रौशन सभी दिशाएं
प्रगति की लहरों से टूटेगी सारी बाधाएं
गीत सुनाएगी खुशियों के धार नदी की अविरल
नये रायपुर से महका अब छत्तीसगढ़ का आँचल

गूंजा सुदूर अंचल में अब, झांझर ढोल मृदंग
कर्मा, पंथी, सुआ गीत से बिखरा नूतन रंग
थिरक उठा प्रकृति का आंगन, छनक उठी है पायल
नये रायपुर से महका अब छत्तीसगढ़ का आँचल

गॉवों की समृद्धि लेकर आया नया बिहान
कल कल बहते नीर से होगा हरित खेल खलिहान
कृषक के जीवन में आएगी नई कांति की हलचल
नये रायपुर से महका अब छत्तीसगढ़ का आँचल

नया रायपुर मेरा रायपुर प्रगति की पहचान
आओ मिलकर इसे बना दें हम भारत की शान
है विश्वास कि हम होंगे हर क्षेत्र में सबसे अव्वल
नये रायपुर से महका अब छत्तीसगढ़ का आँचल

हर पल है खुशहाल आज का और सुनहरा है कल
नये रायपुर से महका अब छत्तीसगढ़ का आँचल

श्री रंजीत सेनगुप्ता
कार्या.सहा.श्रेणी–एक
कार्या. मुख्य अभि. मा.स.
(उत्पादन कं.) रायपुर



## बिहनियां के बेरा

बिहनिया के कुकरा, कर डारिस गोहार
होगे अंजोर, भगागे अंधियार
धरती मैय्या के अब करन जोहार
दाई बहारे अंगना अऊ द्वार ।।
बिहनिया के कुकरा.................................

गोबर के छरर–छरर छरा छितागे
चंउर पिसान के चौंक पुरागे
सुस्ती हा होगे कइसन फरार।।
बिहनिया के कुकरा.................................

बरदिहा के होगे, आये के बेरा
बियारा ले लायेके हावे, गाय गरू बर पैरा
नोनी ओ, कोठना में पसिया ला डार।।
बिहनिया के कुकरा.................................

नाहा के पहिर ले, कुरता अऊ धोती
फेर ते डपट ले अंगाकर रोटी
बाबू रे, बुता हे संवारे के अपन खेतखार।।
बिहनिया के कुकरा.................................



श्री डब्ल्यू. आर वानखेड़े
मुख्य अभियंता (अ.उ.दा.)
छ.रा.वि. पारेषण कंपनी रायपुर

# अंतर्क्षेत्रीय टेबल टेनिस टूर्नामेंट में रायपुर क्षेत्र विजेता



क्षेत्रीय कार्यालय बिलासपुर क्षेत्र में 18 से 21 फरवरी 2013 तक राज्य स्तरीय अन्तर्क्षेत्रीय टेबल टेनिस स्पर्धा का आयोजन किया गया। इसमें रायपुर क्षेत्र के खिलाड़ियों ने कोरबा पूर्व की टीम को हराते हुए टीम चैम्पियनशिप का खिताब हासिल किया। रायपुर क्षेत्र ने ओपन डबल्स के मुकाबले में खिलाड़ी रजनीश ओबेराय और श्रीराम सावले ने चैम्पियन का पुरस्कार प्राप्त किया. ओपन सिंगल्स के फाइनल में स्थान बनाते हुए खिलाड़ी श्रीराम सावले ने रनर्स अप का खिताब जीता. महिला खिलाड़ी कु.दिव्या आमदे और श्रीमती शोभना सिंह ने ओपन डबल्स के खिताब पर कब्जा किया.

विजयी होकर लौटे खिलाड़ियों को रायपुर क्षेत्र के मुख्य अभियंता श्री एम.एल.मिश्रा ने बधाई दी तथा विगत 3 वर्षों से इस कप पर कब्जा बनाये रखने के लिये हर्ष व्यक्त किया। रायपुर क्षेत्र के खिलाड़ियों में रजनीश ओबेराय, श्रीराम सावले, योगेश प्रधान, दीनानाथ वर्मा एवं प्रकाश तललवार तथा महिला खिलाड़ियों में श्रीमती शोभना सिंह और दिव्या आमदे शामिल थी। इस अवसर पर क्षेत्रीय मुख्यालय रायपुर के अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री प्रहलाद सिंह, अधीक्षण अभियंता श्री हर्ष गौतम तथा अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारी ने बधाईयाँ दी.

बिलासपुर में प्रतियोगिता के समापन अवसर पर मुख्य अभियंता बिलासपुर श्री शारदा सिंह ने अखिल भारतीय विद्युत क्रीड़ा नियंत्रण मण्डल के तत्वावधान में होने वाली अखिल भारतीय अन्तर्विद्युत मण्डलीय टेबिल टेनिस प्रतियोगिता हेतु छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कम्पनी की टीम का ऐलान किया. टीम में रायपुर क्षेत्र के खिलाड़ी रजनीश ओबेराय, श्रीराम सावले, महिला खिलाड़ियों में कु.दिव्या आमदे, श्रीमती शोभना सिंह केन्द्रीय कार्यालय के विमल मिश्रा तथा महिला खिलाड़ी कु.श्रद्धा वर्मा शामिल किये गये।

## चिट्ठी आई है.........................

आदरणीय

सम्पादक महोदय,

पॉवर कंपनी की प्रिय पत्रिका संकल्प का मैं नियमित पाठक हूँ। एक बिजली उपभोक्ता और पॉवर कम्पनी में अपनी निजी सेवायें देने के कारण संकल्प के अध्ययन का अवसर मुझे बराबर मिलता है। पत्रिका में प्रकाशित सभी सामग्रियॉ अत्यन्त जानकारी परक होती है। हर अंक का संपादकीय कुछ खास संदेश दे जाता है। पांचो पॉवर कम्पनी की गतिविधियों के अलावा पारिवारिक संस्कारों के साथ ही प्रतिभावान लोगों की जानकारी पत्रिका की महत्ता को और बढ़ा देती है। मेरी कामना है कि पत्रिका दिन–दूनी रात चौगुनी संवरती रहे।

**मोहम्मद कासिम (चाचा)**
**रायपुर**

# कुर्यात् सदा मंगलम्

## संतोष संग रत्ना



छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी में कार्यपालन अभियंता के पद पर कार्यरत श्री नरेन्द्र कुमार सिन्हा के सुपुत्र चि. संतोष सिन्हा का शुभ विवाह श्री प्रमोद कुमार सिन्हा की सुपुत्री सौ.का. रत्ना सिन्हा के संग दिनांक 29 अप्रैल 2013 को होटल एम्ब्रोसिया में सोल्लास सम्पन्न

## आकांक्षा संग संदीपनी



छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी में कार्यपालक निदेशक (संचा./संधा.उत्पादन) के पद पर कार्यरत श्री ए.के.सक्सेना की सुपुत्री सौ.का. आकांक्षा सक्सेना का शुभ विवाह चि. संदीपनी मिश्रा आत्मज श्री पी.सी. मिश्रा के साथ दिनांक 18 जनवरी 2013 को होटल बेबीलोन इन सोल्लास सम्पन्न हुआ। बधाई...........

## अमित संग श्रद्धा



छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर वितरण कंपनी से सेवानिवृत्त कार्यपालक निदेशक श्री अरविन्द कुमार तिवारी के सुपुत्र चि. अमित का शुभ विवाह श्री कृष्णकांत की सुपुत्री सौ.का. श्रद्धा के संग दिनांक 30 अप्रैल 2013 को सौभाग्य तिलक रायपुर में सोल्लास सम्पन्न हुआ। बधाई........

## शीला संग डॉ. ओ.पी.सिंह



छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर उत्पादन कंपनी कोरबा पूर्व में पदस्थ श्री एच.आर. नेताम पी.एस.–3 की सुपुत्री सौ.का.शीला नेताम का शुभ विवाह श्री छोटे सिंह परते के सुपुत्र चि. डॉ. ओ.पी.सिंह के संग दिनांक 30 जनवरी 2013 को श्रम कल्याण केन्द्र कोरबा पूर्व में हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। बधाई..........

## प्रीति संग रॉबिन



हसदेव ताप विद्युत गृह कोरबा–पश्चिम के अधीक्षण अभियंता (मानवसंसाधन) कार्यालय में पदस्थ कार्यपालन यंत्री श्री जॉन नेलसन की सुपुत्री सौ.का.प्रीति का शुभ विवाह श्रीमती अनिता लाल व स्व. डॉ. राजन एम.लाल. के सुपुत्र चि. रॉबिन के साथ 03 अप्रैल 2013 को कोरबा में सानंद सम्पन्न हुआ। बधाई.........

# कुर्यात् सदा मंगलम्

## सोनल संग चिराग

छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर उत्पादन कंपनी कोरबा पूर्व में पदस्थ श्री एच.आर.नेताम पी.एस.–3 की सुपुत्री सौ.का.सोनल नेताम का शुभ विवाह श्री आर.एस.मंडावी के सुपुत्र चि. चिराग के संग दिनांक 30 जनवरी 2013 को श्रम कल्याण केन्द्र कोरबा पूर्व में हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। बधाई..........




## नवीना संग चिराग

छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी में अधीक्षण अभियंता के पद पर पदस्थ श्री धमेन्द्र कुमार चावड़ा एवं श्रीमती लीना चावड़ा की सुपुत्री सौ. का. नवीना का शुभ विवाह चि. चिराग सुपुत्र श्री शैलेष कुमार टॉक एवं श्रीमती शोभा टॉक के साथ 17 जनवरी 2013 को रायपुर में सोल्लास सम्पन्न हुआ। बधाई..................



## रवि संग जया

छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर पारेषण कंपनी में मुख्य अभियंता (सिविल–पारेषण), रायपुर के कार्यालय में कार्यरत श्री अर्जुनदास ठाकुर, अधीक्षण अभियंता (सिविल) के सुपुत्र चि. रवि कुमार का शुभ विवाह श्री नंदकिशोर असरानी, की सुपुत्री सौ.का. जया के साथ 06 अप्रैल 2013 को होटल पिकाडिली रायपुर में सोल्लास सम्पन्न हुआ। बधाई.................



## रेहाना रजा संग मो. सादिक खान

छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर पारेषण कंपनी के उपमहाप्रबंधक (मानव संसाधन) कार्यालय रायपुर में कार्यालय सहायक श्रेणी–तीन के पद पर कार्यरत सौ.का. रेहाना रजा बिन्त मो. गौस रजा का शुभ विवाह चि. मो. सादिक खान इब्न मोहम्मद आजम खान, के साथ 15 अप्रैल 2013 को भिलाई में सोल्लास सम्पन्न हुआ। बधाई..........



## रश्मि निधि संग प्रदीप

छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर उत्पादन कंपनी डीएसपीएम. कोरबा पूर्व में पदस्थ वरिष्ठ शीघ्रलेखक श्रीमती लखनी साहू की सुपुत्री सौ.का. रश्मि निधि साहू का शुभ विवाह चि. प्रदीप कुमार साहू आत्मज श्री बी.पी.साहू के साथ दिनांक 01 फरवरी 2013 को निरजंन भवन रायपुर में सोल्लास सम्पन्न हुआ। बधाई..........



प्रमाणित किया जाता है कि पत्रिका के मेक, मुद्रण/प्रकाशन आदि गुणवक्ता एवं पत्रिका के अन्दर के पृष्ठों में 90 जीएसएम आर्ट पेपर (चिनारमरस) और कवर पृष्ठों में 220 जीएसएम आर्ट पेपर (चिनारमरस) का उपयोग किया गया है! – मुद्रक

# पॉवर कंपनी के सेवानिवृत्तजनों की भावभीनी विदाई

छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी के सेवानिवृत्त अधिकारियों/कर्मचारियों को कंपनी मुख्यालय में भावभीनी विदाई दी गई। विदाई समारोह में पॉवर कंपनी अध्यक्ष श्री शिवराज सिंह, पारेषण कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री विजय सिंह ने सेवानिवृत्तजनों को शुभकामनायें देते हुये प्रतीकात्मक भेंट एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ पॉवर कंपनी की प्रगति के पीछे सेवानिवृत्तजनों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इनके उत्कृष्ट कार्यो का अनुशरण सेवारत कर्मी करके कंपनी को आगे बढ़ाने में सफल होंगे।

विदाई समारोह में उपस्थित पॉवर कंपनी के कार्यपालक निदेशक श्री ए.के.गर्ग, महाप्रबंधक श्री पी.एम.जोग, मुख्य अभियंता सर्वश्री के.एस.मनोठिया, डब्लू. आर.वानखेड़े, आर.के. मेहता, एवं आर.के. तिवारी तथा अतिरिक्त महाप्रबंधक द्वय सर्वश्री आर.बी. त्रिपाठी एवं ओ.पी.खण्डेलवाल, उपमहाप्रबंधक सर्वश्री डी.डी. पात्रीकर, एस.आर.बांधे, विजय मिश्रा, मुश्ताक अहमद ने सेवानिवृत्त कर्मियों के कार्य संस्कृति की सराहना करते हुये उनके सपरिवार उज्जवल भविष्य की कामना की। सेवानिवृत्तजनों में शामिल उपमहाप्रबंधक श्री सीताराम सोनी, स्टाफ आफिसर श्री एम.एन.वर्मा सहित सर्वश्री बद्री प्रसाद तिवारी, कृष्णा राव, उमा शंकर वर्मा, इसबलाल, मदन लाल श्रीवास्तव, चिन्ना पेडियन ने अपनी सेवायात्रा के दौरान अधिकारियों/कर्मचारियों से मिले सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया।

विदाई समारोह में अनुभाग अधिकारी, श्री रतन गोंडाने एवं श्री योगेश नैयर ने कार्यक्रम का संचालन करते हुये सेवानिवृत्तजनों के जीवन पर प्रकाश डाला। अंत में आभार प्रदर्शन प्रबंधक श्री टी.रामप्रसाद राव ने किया।










छायाकार - संजय टैम्बे

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत होल्डिंग कम्पनी मर्या., डंगनिया, रायपुर, फोन - 0771-2574702, फैक्स - 0771-2574702, Website : www.cseb.gov.in